कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 25.04.2026

थाना असोथर पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए चोरी करने वाले 04 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से दो जोड़ी पायल, एक मंगलसूत्र व एक मोबाइल, एक लैपटाप, एक टैबलेट व 750/- रूपये बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण- 1. दिनांक 23.03.2026 को वादी शिवशंकर पुत्र रूद्रदेव अग्निहोत्री निवासी नगर पंचायत असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर द्वारा तहरीर दी गई कि दिनांक 23.03.2026 की रात्रि समय 12.00 बजे से 03.00 बजे के मध्य अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर में घुस कर बक्सा व आलमारी का ताला तोड़ कर मंगलसूत्र व पायल तथा 50,000 रूपये नगद आदि चोरी करने के सम्बन्ध में थाना असोथर पर मु0अ0सं0- 46/2026 धारा 305, 331(4) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

2. दिनांक 24.04.2026 को वादिनी ममता देवी पत्नी रामकृष्ण द्विवेदी (प्रबंधक जीनियस चिल्ड्रेन कान्वेन्ट स्कूल प्रेम मऊ कटरा असोथर) निवासी कस्बा असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर द्वारा दी गई तहरीरी सूचना में बताया कि दिनांक 23.04.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा जीसीसी विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय के कार्यालय मे रखा लैपटाप व 40000 से 50000 रुपया नकद चोरी करने के सम्बन्ध मे थाना असोथर पर मु0अ0सं0-73/2026 धारा 305(a),331(4) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी का विवरण- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर के पर्यवेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक थरियांव के कुशल नेतृत्व में थाना असोथर पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0स0- 46/2026 धारा 331(4),305(क) बीएनएस व मु0अ0स0-73/2026 धारा 331(4),305(क) की विवेचनात्मक कार्यवाही एवं प्रभावी पतारसी सुरागरसी के परिणाम स्वरुप मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 25.04.2026 को थाना असोथर पुलिस द्वारा केढ़िया झाल नहर कस्बा असोथर से मु0अ0स0- 46/2026 में प्रकाश मे आये अभियुक्तगण 1. लखनलाल उर्फ लखन पासवान पुत्र कामता पासवान निवासी किलापर थाना असोथऱ फतेहपुर उम्र 19 वर्ष, 2. आशीष पुत्र झल्लर पासवान निवासी किलापर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 22 वर्ष, 3. रितेश उर्फ शिवम उर्फ छेदीलाल पुत्र छोटेलाल पासवान निवासी मुराइन डेरा नगर पंचायत असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 18 वर्ष व मु0अ0स0- 73/2026 से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. लखनलाल उर्फ लखन पासवान उपरोक्त व 2. सूरज उर्फ कल्लू पुत्र रामखेलावन निवासी किलापर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 21 वर्ष को किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई दो जोड़ी पायल, एक मंगलसूत्र लाकेट,एक मोबाइल, एक लैपटाप, एक टैबलेट व 750/- रूपये बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ का विवरण- पकड़े गये अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में अभियुक्त लखनलाल उर्फ लखन पासवान द्वारा बताया गया कि उसने अभियुक्त आशीष एवं रितेश उर्फ छेदीलाल के साथ मिलकर कस्बा असोथर स्थित शिवशंकर अग्निहोत्री के घर में चोरी की घटना कारित की थी, जिसमें पायल, लाकेट/मंगलसूत्र एवं नकदी चोरी की गई थी। साथ ही अभियुक्त सूरज उर्फ कल्लू के साथ जीनियस चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल, प्रेम मऊ कटरा में चोरी कर लैपटॉप एवं नकदी चोरी करना स्वीकार किया। जबकि मोबाइल फोन को चोरी की नकदी से खरीदा जाना बताया । उक्त चोरियों से प्राप्त हिस्से के माल को आपस में बंटवारा करते समय पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया । पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण चोरी को आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से कारित करते थे तथा चोरी से प्राप्त नकदी का उपयोग व्यक्तिगत उपभोग, दैनिक खर्च एवं वस्तुओं की खरीद में करते थे ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता-

1. लखनलाल उर्फ लखन पासवान पुत्र कामता पासवान निवासी किलापर थाना असोथऱ फतेहपुर उम्र 19 वर्ष
2. आशीष पुत्र झल्लर पासवान निवासी किलापर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 22 वर्ष
3. रितेश उर्फ शिवम उर्फ छेदीलाल पुत्र छोटेलाल पासवान निवासी मुराइन डेरा नगर पंचायत असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 18 वर्ष
4. सूरज उर्फ कल्लू पुत्र रामखेलावन निवासी किलापर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 21 वर्ष

गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1.अभियुक्त लखनलाल उर्फ लखन का आपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0- 128/2025 धारा 317(2),303(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

मु0अ0सं0- 201/2025 धारा 317(2),303(2) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

मु0अ0सं0 046/2026 धारा 317(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

मु0अ0सं0 073/2026 धारा 317(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

2.अभियुक्त आशीष पुत्र झल्लर पासवान का आपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0- 128/2025 धारा 317(2),303(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

मु0अ0सं0 046/2026 धारा 317(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

3.अभियुक्त रितेश उर्फ शिवम उर्फ छेदीलाल का आपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0 046/2026 धारा 317(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

4.अभियुक्त सूरज उर्फ कल्लू का आपराधिक इतिहास –

मु0अ0सं0 073/2026 धारा 317(2),305(क),331(4) BNS थाना असोथर जनपद फतेहपुर

बरामदगी का विवरण-

1.02 जोड़ी पायल
2. एक मंगलसूत्र
3. एक मोबाइल
4.एक लैपटाप
5.एक टैबलेट
6.750/- रुपये

गिरफ्तार करने वाली टीम-

A. थाना असोथर पुलिस टीम जनपद फतेहपुर
B. सर्वलांस टीम जनपद फतेहपुर